UPSC CAPF (AC) 2019: Paper 1

1.फ्रीटोफाइट पादप कहाँ पर उगने के लिए अनुकूल होते हैं ?

A. नम छायादार स्थानों में
B. चट्टानी वातावरण में
C. शुष्क वातावरण में
D. सक्रिय ज्वालामुखीय लावा में

2.उदार लोकतंत्र को परिभाषित करने वाली विशेषताएं निम्नलिखित में से कौन सी हैं ?

1) सांविधानिक सरकार औपचारिक, सामान्यत: विधिक, नियमों पर आधारित होती है

2) नागरिक स्वतंत्रताओं और वैयक्तिक अधिकारों की प्रत्याभूति होती है

3) यह राजनीतिक प्राधिकार को, संभवत: असीमित शक्ति के साथ विनिहित करती है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

3.राज्य की नीति के निदेशक तत्व के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

A. राज्य की नीति के निदेशक तत्व का पालन राज्य प्रशासन के मामले के साथ-साथ कानून निर्माण में भी करेगा
B. राज्य की नीति के निदेशक तत्व गणतंत्रीय संविधान के अधीन राज्य के ध्येय को मूर्त रूप देते हैं
C. दोनों के मध्य विवाद की स्थिति में राज्य की नीति के निदेशक तत्व, मूल अधिकारों पर अग्रता रखते हैं
D. राज्य की नीति के निदेशक तत्व न्यायालयों में प्रवर्तनीय नहीं हैं

4.मैक्स वेबर के आदर्श नौकरशाही सिद्धांत के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1) यह प्रबल वर्ग के चरित्र को इंगित करता है |

2) नौकरशाही संरचनात्मक और व्यवहारात्मक विशेषताओं के साथ जुडी हुई है |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

5.निम्नलिखित में से किस योजना/प्रतिवेदन के अनुसार पंजाब और बंगाल के विभाजन से संबंधित निर्णय इन राज्यों की अपनी-अपनी विधान सभाओं के सदस्यों के मतदान के आधार पर लिया जाना था ?

A. नेहरू रिपोर्ट
B. क्रिप्स मिशन प्लान
C. बेवरिज रिपोर्ट
D. माउन्टबेटन प्लान

6.राज्य की नीति के निदेशक तत्व में, निम्नलिखित में से क्या दिया हुआ नहीं है ?

A. काम पाने का, शिक्षा का और कतिपय मामलों में लोक सहायता पाने का अधिकार
B. नागरिकों के लिए समान सिविल संहिता
C. न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्क़रण
D. स्थानीय स्वशासन के प्रबन्धन में कर्मकारों की भागीदारी

7.A सामने की ओर 10 मीटर और दाहिनी ओर 10 मीटर चलता है | ततपश्चात प्रत्येक बार अपनी बायीं ओर मुड़कर वह क्रमश: 5, 15 और 15 मीटर चलता है | अब वह अपने आरंभिक बिन्दु से कितना दूर है ?

A. 55 मीटर
B. 23 मीटर
C. 5 मीटर
D. इन में से कोई नहीं

8.यदि वर्ष (लीप वर्ष को छोड़कर) का पहला दिन रविवार था, तब उस वर्ष का अन्तिम दिन कौन सा था ?

A. सोमवार
B. रविवार
C. शनिवार
D. इन में से कोई नहीं

9.मान लीजिए

$$x^2 + y^2 = 1,$$
$$u^2 + v^2 = 1$$
$$xu + yv = 0$$

तब

1) x^2 +u^2 =1

2) y^2+v^2=1

3) xy +uv=0

उपर्युक्त में से कौन सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 2 और 3

10.यदि एक वृत्त और एक वर्ग के परिमाप समान हैं, तब

A. उनके क्षेत्रफल बराबर हैं

B. वृत्त का क्षेत्रफल वर्ग के क्षेत्रफल से अधिक है

C. वर्ग का क्षेत्रफल वृत्त के क्षेत्रफल से अधिक है

D. वृत्त का क्षेत्रफल वर्ग के क्षेत्रफल का दो गुना है

11.वह धनपूर्ण संख्या n क्या है जिसके लिए 3^9+3^12 +3^15 +3^n एक पूर्णसंख्या का एक पूर्ण घन (क्यूब) है ?

A. 10
B. 11
C. 13
D. 14

12.भारतीय प्रायद्वीप का उत्तर-पश्चिमी भाग ज्वालामुखीयता के एक विशाल केन्द्र में परिवर्तित हो गया था

A. क्रिटेशस कल्प के अन्त में

B. क्रिटेशस कल्प के मध्य में

C. क्रिटेशस कल्प के आरंभ में

D. क्रिटेशस कल्प की संपूर्ण अवधि में

13.ग्वादर बंदरगाह, किस देश में स्थित है ?

A. पाकिस्तान

B. ईरान

C. भारत

D. श्रीलंका

14.गेहूँ की खेती के लिए निम्नलिखित में से कौन सी दशा/दशाएं अनिवार्य है/हैं ?

1) बढ़वार अवधि के दौरान अनुकूलतम तापमान लगभग 30° C है

2) लगभग 100 दिनों की तुषारहीन अवधि

3) हलकी चिकनी अथवा भारी दुमट मृदा

A. 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1

15.हीरे की चमक का कारण है

A. प्रकाश का व्यतिकरण
B. प्रकाश का विवर्तन
C. प्रकाश का ध्रुवण
D. प्रकाश का पूर्ण आंतरिक परावर्तन

16.निम्नलिखित में से कौन सी, एक वैद्युत चुम्बकीय तरंग नहीं है ?

A. प्रकाश तरंग
B. रेडियो तरंग
C. ध्वनि तरंग
D. सूक्ष्म तरंग

17.किसी वैद्युत चुम्बकीय तरंग के लिये निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

A. वैद्युत चुम्बकीय तरंग ऊर्जा तथा संवेग का वहन करती है
B. वैद्युत चुम्बकीय तरंग को ध्रुवित तथा परावर्तित किया जा सकता है
C. वैद्युत चुम्बकीय तरंग अनुदैध्र्य होती है
D. वैद्युत चुम्बकीय तरंग के संचरण की व्याख्या परिवर्ती वैद्युत तथा चुम्बकीय क्षेत्रों द्वारा होती है

18.एक स्नोबोर्ड मोटी रस्सी के सहारे किसी पर्वत पर 5 m/s की दर से ऊपर की ओर गतिमान है | यदि 3000 वाट की शक्ति का उपयोग हो रहा है, तो उस पर कितना बल लगाया गया ?

A. 50 N
B. 100 N
C. 600 N

D. 15000 N

19.तत्व यूरेनियम-235 के नाभिक में न्यूट्रॉनों की संख्या कितनी होती है ?

A. 235
B. 92
C. 143
D. 51

20.जब कोई अनुदैधर्य तरंग किसी निश्चित माध्यम में से गुजरती है, तो उस माध्यम में शुरू से अंत तक पारगत (संचरित) होने वाली राशि है

A. केवल माध्यम का पदार्थ

B. केवल ऊर्जा

C. माध्यम का पदार्थ और ऊर्जा दोनों

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

21.जायेद मेडल किस देश का सर्वोच्च असैनिक (सिविलियन) सम्मान है ?

A. पाकिस्तान

B. सऊदी अरब

C. संयुक्त अरब अमीरात

D. क़तर

22.'कंधमाल हल्दी', जिसे हाल ही में GI टैग मिला है, हल्दी की एक किस्म है। यह कहाँ की देशज है ?

A. उत्तरी बंगाल

B. दक्षिणी ओडिशा

C. सांगली, महाराष्ट्र

D. अलेप्पी, केरल

23.वर्ष 2018 के लिए निम्नलिखित में से किसे सरस्वती सम्मान से पुरुस्कृत किया गया ?

A. के. शिवा रेड्डी
B. महाबलेश्वर सैल
C. पदमा सचदेव
D. सितांशु यशश्वंद्र

24.स्टेट ऑफ वर्ल्ड पापुलेशन-2019 (विश्व जनसंख्या की अवस्था-2019) पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट की विषय-वस्तु का नाम क्या है ?

A. वर्ल्ड्स अपार्ट : रिप्रोडक्टिव हेल्थ एंड राइट्स इन एन एज ऑफ इनइकवेलिटी
B. द पॉवर ऑफ चॉइस : रिप्रोडक्टिव राइट्स एंड द डेमोग्राफिक ट्रांसिशन
C. अनफिनिशड बिज़नेस - द पर्सूट ऑफ राइट्स एंड चॉइसेस फॉर ऑयल
D. हाउ आवर फ्यूचर डिपेंडस ऑन ए गर्ल एट दिस डिसाइसिव एज

25.भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर वेरिफाएबल पेपर आडिट ट्रेल (VVPAT) प्रणाली का प्रयोग पहली बार कहाँ किया गया था ?

A. उत्तरी परावुर विद्यानसभा निर्वाचन क्षेत्र, केरल
B. नोक्सेन विद्यानसभा निर्वाचन क्षेत्र, नागालैंड
C. मापुसा विद्यानसभा निर्वाचन क्षेत्र, गोवा
D. नाम्बोल विद्यानसभा निर्वाचन क्षेत्र,मणिपुर

26.सोरोरान है

A. उत्तरी अमेरिका का एक मरुस्थल क्षेत्र
B. फ्रांस की एक मौसमी पवन
C. भूमध्यसागरीय क्षेत्र की एक नगदी फसल
D. दक्षिण अफ्रीका में एक जनजाति

27.उत्तर से दक्षिण की और की ओर हिमालयी पर्वत श्रेणियों (रेंज) का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

A. काराकोरम, लद्दाख, जास्कर, पीर, पंजाल, शिवालिक
B. लद्दाख, जास्कर, पीर, पंजाल, काराकोरम, शिवालिक
C. पीर, पंजाल, जास्कर, लद्दाख, शिवालिक

D. शिवालिक, जास्कर, पीर, पंजाल, लद्दाख, काराकोरम

28.निम्नलिखित में से कौन सा अक्षांश अधिकतम भारतीय राज्यों से हो कर गुजरता है ?

A. 20 N° अक्षांश
B. 22 N° अक्षांश
C. 24 N° अक्षांश
D. 26 N° अक्षांश

29.जापान द्वीपसमूह का सबसे बड़ा द्वीप निम्नलिखित में से कौन सा है ?

A. होन्शू
B. होक्काइडो
C. शिकोकू
D. क्यूशू

30.भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में, घने सदापर्णी वन आच्छादन के अंतर्गत विशाल तम क्षेत्रफल है ?

A. हिमाचल प्रदेश
B. अरुणाचल प्रदेश
C. कर्नाटक
D. उत्तराखंड

31.कागज वर्णलेखन (पेपर क्रोमैटोग्राफी) में निहित सिद्धांत है

A. अवशोषण
B. विभाजन
C. विलेयता
D. वाष्पशीलता

32.निम्नलिखित में से कौन सी एक परिघटना ध्वनि तरंगों द्वारा प्रदर्शित नहीं की जा सकती है ?

A. परावर्तन
B. अपवर्तन
C. व्यतिकरण
D. ध्रुवण

33.जब किसी प्रिज्म पर श्वेत प्रकाश के एक किरण पुंज को आपतित होने दिया जाता है, तब निर्गत होने वाले किस प्रकाश के लिए अधिकतम विचलन होता है ?

A. लाल प्रकाश
B. बैंगनी प्रकाश
C. पीला प्रकाश
D. नीला प्रकाश

34.निम्नलिखित में से कौन सा, एक दीप्त वस्तु नहीं है ?

A. सूर्य
B. वैधुत लैंप
C. मोमबत्ती
D. चन्द्रमा

35.यदि पृथ्वी का निरक्षीय समतल इसके कक्ष (परिक्रमा-पथ) की और झुका हुआ नहीं हो, तो

A. वर्ष की अवधि अधिक लम्बी होगी
B. ग्रीष्म ऋतु और अधिक गर्म होगी
C. ऋतुओं में कोई बदलाव नहीं होगा
D. शीत ऋतु काल और अधिक लम्बा होगा

36.संत भाषा क्या है ?

A. निर्गुण रहस्यवादियों की भाषा
B. उलटबांसी रहस्यवादियों की भाषा
C. निराकार रहस्यवादियों की भाषा

D. सगुण रहस्यवादियों की भाषा

37.सन 1905 के स्वदेशी आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही है ?

1. बंगाल में व्यापक प्रदर्शन आयोजित किये गए

2. कलकत्ता में हड़ताल की गई

3. आंदोलन की शुरुआत नरमपंथियों द्वारा की गई थी, किन्तु बाद के चरणों में क्रन्तिकारी राष्ट्रवादियों ने इसे अपने हाथों में ले लिया

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

A. 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

38.निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :

1. रामकृष्ण मिशन की स्थापना

2. आर्य समाज की स्थापना

3. ब्रह्म समाज की स्थापना

4. परमहंस मंडली की स्थापना

उपर्युक्त का सही कालानुक्रमिक क्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

A. 1, 2, 3, 4
B. 2, 3, 4, 1
C. 3, 4, 1, 2
D. 3, 4, 2, 1

39.निम्नलिखित में से कौन से वन अधिनियम ने भारत के वनों को आरक्षित, संरक्षित और ग्रामीण वनों में विभाजित किया ?

A. वन अधिनियम 1864
B. वन अधिनियम 1865
C. वन अधिनियम 1866
D. वन अधिनियम 1878

40."मितव्ययिता विरोधाभास" (पेरडाक्स ऑफ थ्रिफ्ट) की अवधारणा को किसने बनाया ?

A. एडम स्मिथ
B. अल्फ्रेड मार्शल
C. जॉन मेनार्ड किंस
D. पॉल ए. सैम्युलसन

41.एक अर्थव्यवस्था जो अपने उत्पादन संभावना सीमांत (सीमावक्र) पर है, के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

A. किसी दूसरी वस्तु का उत्पादन बढ़ाने के लिये अर्थव्यवस्था को एक वस्तु के कुछ उत्पादन को त्यागना पड़ेगा (कम करना पड़ेगा)
B. वस्तु एवं सेवाओं के उत्पादन में, अर्थव्यवस्था के लिए कोई सीमा अथवा प्रतिबंध नहीं है
C. अर्थव्यवस्था एक बिंदु तक किसी एक वस्तु का अधिक
D. इसका उत्पादन संभावना सीमावक्र एक उधर्वगामी प्रवणता वक्र है

42.निम्नलिखित में से कौन सा, एक उच्चतम कीमत (प्राइस सीलिंग) का उदाहरण है ?

A. भारत में हवाई कम्पनियों द्वारा प्रभारित किराये
B. बिस्कुट के पैकेट पर छपी कीमत
C. गन्ना उत्पादकों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य
D. राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी

43.सरल केंजियन सिद्धांत (कीन्स का सिद्धांत) के अनुसार, आय के विरुद्ध समग्र उपभोग वक्र की प्रवणता होती है

A. धनात्मक
B. ऋणात्मक
C. शून्य

D. अनन्त

44.एक बिना करों (टैक्स) वाली बंद अर्थव्यवस्था में, यदि सीमांत उपभोग प्रवृति सदैव 0.90 है, तो गुणक का मान (मूल्य) क्या होगा?

A. 10.00
B. 1.00
C. 0.90
D. 0.10

45.यदि एक ऋणायन X के सोडियम लवण का सूत्र NaX है, तो इसके एल्यूमीनियम लवण का सूत्र क्या होगा ?

A. A1X
B. A1X3
C. A12X3
D. A13X2

46.जल मृदुकरण के लिए निम्नलिखित में से क्या प्रयुक्त किया जाता है ?

A. Mg(HCO3) 2
B. Na3PO4
C. Na6P6O18
D. Na2HPO4

47.एक दाब-विद्युत पदार्थ के रूप में स्वार्टज (स्फटिक) व्यापक रूप से प्रयुक्त किया जाता है | इस में क्या होता है ?

A. Hg
B. Si
C. Ti
D. Sn

48.पादक जड़ो की बाहयत्वचा कोशिकायें अपनी अवशोषण सतह को किससे बढ़ाती हैं ?

A. शल्क
B. मूल रोम
C. अन्तश्चरम

D. रन्ध्र

49.किसी पादक के प्ररोह का प्रकाश की ओर झुक जाना किस से संबंधित है ?

A. प्रकाशानुकुंचन
B. धनात्मक प्रकाशानुवर्तन
C. ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन
D. दीप्तिकालिता

50.निम्नलिखित में से कौन सा जीव सीलेन्टरेटा (नाइडेरिया) से सम्बन्धित है ?

A. प्लैनेरिया और यकृत पर्णाभ
B. समुद्री जलसाही और समुद्री ककड़ी
C. हाइड्रा और समुद्री ऐनिमोन
D. युप्लेक्टेला और साइकॉन

51.एक परीक्षा जिस में कुल 150 प्रश्न है, में से पहले 90 प्रशनो के 40% का नेहा ने सही उत्तर दिया है। यदि सम्पूर्ण परीक्षा में उसे 60 % अंक प्राप्त करने हों तो शेष 60 प्रशनो के कितने प्रतिशत का उत्तर उसे ठीक-ठीक देना होगा ?

A. 75
B. 80
C. 85
D. 90

52.INSPIRE जो भारत सरकार की एक जारी पहल है, किसलिए है ?

A. विज्ञान और अनुसन्धान हेतु प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए
B. प्रशिक्षण (प्रोत्साहन) के माध्यम से अनुसंधान उन्नति के लिए
C. विभिन्न S & T पणधारियों के बीच अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए
D. अनुसंधान के उपयुक्त (आला) क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त जनशक्ति को बढाना

53.निम्नलिखित में से कौन सा, एक पुराजल-वायवी भूवैज्ञानिक सूचक नहीं है ?

A. सरोवरी
B. बर्फ चादरें और हिम क्रोड (आइस कोर)
C. वाष्पनज निक्षेप
D. अवसादी निक्षेप

54.किसी गुफित सरिता द्वारा स्थूल (अपरिष्कृत) जलोढक निक्षेपों के हलके से ढालू संचयन को, किस रूप में जाना जाता है ?

A. बालू रोधिका
B. जलोढ़ पंखा
C. बाहादा
D. दियारा

55.डोलड्रम है

1) भूमध्यरेखीय प्रशांत मंडल

2) शांत वायु और हलकी पवन

3) तूफानी चालीसा

4) अवस्थिति और विस्तार (परिणाम) दोनों में परिवर्तनशील

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2 और 4
B. केवल 2 और 3
C. 1 और 3
D. 2, 3 और 4

56.उष्णकटिबन्धी पतझड़ी वन बायोम के क्षेत्रों में निम्नलिखित में से क्या नहीं आता है ?

A. नियोट्रोपिक्स मुख्यत:वेस्ट इंडीज
B. इंडो-मलेशियाई क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में भूमध्यरेखीय सदापर्णी वर्षा वन क्षेत्रों को छोड़ कर

C. पूर्वी अफ्रीका और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया
D. उत्तरी अमेरिका मुख्यत: दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका

57.मानव विकास सूचकांक (HDI) मान के अनुसार, अवरोही क्रम में देशों का सही विन्यास निम्नलिखित में से कौन सा है ?

A. आयरलैंड, नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्ज़रलैंड
B. नॉर्वे, स्विट्ज़रलैंड, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड
C. नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, स्विट्ज़रलैंड
D. स्विट्ज़रलैंड, आयरलैंड, नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया

58.तयोमंवर (तायुमानवर) की सितार कविता क्यों प्रसिद्ध थी ?

A. ये रचनाएँ राष्ट्रवादी कृतियाँ थी
B. ये रचनाएँ रोमानी महाकाव्य थे
C. ये रचनाएँ भक्ति गीत थी
D. ये रचनाएँ जाति व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह स्वरुप थीं

59.निम्नलिखित की स्थापना को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए (आरम्भ से शुरू करते हुए) :

1) ईस्ट इंडिया एसोसिएशन

2) पूना सार्वजनिक सभा

3) मद्रास महाजन सभा

4) बोम्बे प्रेसिडेंसी एसोसिएशन

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2, 3, 4
B. 1, 3, 2, 4
C. 2, 3, 4, 1
D. 3, 2, 1, 4

60.वासुदेव बलवंत फड़के को इतिहास में क्यों जाना जाता था ?

A. 1857 के विद्रोह के दौरान उन्होंने ब्रिटिशों (अंग्रेजों) के खिलाफ हिंसात्मक संघर्ष का नेतृत्व किया था
B. वे गांधीवादी संघर्ष के आलोचक थे
C. 1870 के दशक में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व किया
D. वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक आमूल परिवर्तनवादी नेता थे

61.आरंभिक राष्ट्रवादियों ने 1892 के काउंसिल एक्ट (अधिनियम) का विरोध क्यों किया था ?

A. शाही विधान परिषद के सदस्यों की संख्या बढ़ा दी गई थी
B. प्रातीय परिषदों के सदस्यों की संख्या बढ़ा दी गई थी
C. परिषदों को वार्षिक बजट पर चर्चा करने का अधिकार दे दिया गया था
D. इस एक्ट ने सार्वजनिक कोषों पर भारतीयों को नियंत्रण नहीं दिया था

62.प्रार्थना समाज के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

(I) इसका उद्देश्य हिंदू समाज में सुधार करना था

(II) यह महाराष्ट्र में आधारित था

(III) इसका विश्वास एकेश्वरवाद में था

(iv) इसने ब्रहा समाज को बहुत प्रभावित किया था

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. 1 और 4

63."पर्यावरण अतिवादियों" (इकोरैडिकल्स) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(I) इनका विश्वास है की पृथ्वी पर मानव समाज पृथ्वी की वहन करने की क्षमता की सीमाओं के समीप तक खतरनाक रूप से बढ़ रहे है

(II) ये सख्त जनसंख्या नियंत्रण की मांग करते हैं

(III) ये कम उपभोग उन्मुख और कम अपशिष्ट उत्पादक जीवनशैली पर बल देते हैं

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 2 और 3

64.निम्नलिखित में कौन सी सत्ता (अधिकारिकी) "लोक अदालतों" का आयोजन नहीं कर सकती ?

A. पंचायत समितियां
B. तालुक विधिक सेवा समिति
C. जिला प्राधिकारी
D. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति

65.'ऐसे उदात्त विचारों की कदर करना और अनुसरण करना जिन से स्वतंत्रता का हमारा राष्ट्रीय संघर्ष प्रेरित हुआ", भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अंश का उपबंध है ?

A. राज्य की नीति के निदेशक तत्व
B. मूल कर्तव्य
C. मूल अधिकार
D. उद्देशिका

66.85.धन-विधेयक की परिभाषा में निम्नलिखित में से कौन सा नहीं आता है ?

A. भारत सरकार द्वारा दायित्व लिये गए किसी वित्तीय भार के सम्बन्ध में कानून में संशोधन

B. भारत की संचित निधि में धन की अदायगी (भुगतान)
C. अनुच्छेद 117 की अपेक्षाओं के अनुसार कोई वित्तीय विधेयक
D. भारत की संचित निधि से धन का विनियोजन

67.बहुतंत्र की एक प्रमुख विशेषता, निम्नलिखित में से कौन सी नहीं है ?

A. सरकार निर्वाचित पदधारियों के हाथों में होती है
B. निर्वाचन में उम्मीदवार होने का अधिकार प्रतिबंधित (सीमित) होता है
C. व्यवहारिक तौर पर सभी वयस्कों को मतदान करने का अधिकार होता है
D. इस में स्वतंत्र अभिव्यक्ति होती है और आलोचना करने तथा विरोध करने का अधिकार होता है

68.यदि किसी भिन्न के अंश को 200% बढ़ा दिया जाता है और हर को 300% बढ़ा दिया जाता है, तो परिणामी भिन्न $\frac{9}{17}$ है | मूल भिन्न क्या थी ?

A. $\frac{10}{17}$
B. $\frac{11}{17}$
C. $\frac{12}{17}$
D. $\frac{13}{17}$

69.किस भाषा का छठवां भाग 53 है। उस संख्या का 57 % क्या होगा ?

A. 136.74
B. 149.46
C. 181.26
D. 197.16

70.इस प्रश्न में, चार शब्द दिये गये हैं, जिन में से तीन कुछ ढंग में सदृश हैं और चौथा भिन्न प्रकार का है। विषम शब्द को चुनिये।

A. Friendship
B. Intimacy
C. Attachment

D. Enmity

71.किसी विशिष्ट भाषा में GAMBLE को FBLCKF के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। उसी नियत में FLOWER को किस तरह कूट बद्ध किया जायेगा ?

A. GMPVDS
B. GKPVFQ
C. EMNXDS
D. EMNTDS

72.यदि M, N का भाई है; B, N का भाई है और M, D का भाई है, तब निम्नलिखित में से कौन सा कथन निश्चित रूप से सही है ?

A. N, B का भाई है
B. N, M का भाई है
C. N, D का भाई है
D. M, B का भाई है

73.पाँच मित्र - सचिन, कुणाल, मोहित,अमित और सोहन है। सचिन कद में कुणाल से छोटा है लेकिन सोहन से लम्बा है। मोहित सबसे लम्बा है। अमित कुणाल से थोड़ा छोटा और सचिन से थोड़ा लम्बा है। यदि वे कद के हिसाब से बढ़ते हुए क्रम में खड़े हों, तब तीसरे स्थान पर कौन होगा ?

A. अमित
B. सोहन
C. सचिन
D. कुणाल।

74.वियना सम्मेलन और मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन सा है ?

A. मरुस्थलीकरण का सामना करना
B. धारणीय (टिकाऊ) विकासात्मक लक्ष्यों को प्रतिपादन करना
C. ओज़ोन परत का रक्षण

D. जलवायु परिवर्तन का सामना करना

75.बंगाल की खाड़ी में उत्तर से दक्षिण की ओर अवस्थितियों का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

A. मन्नार की खाड़ी - पाल्क जलडमरूमध्य - पाल्क खाड़ी
B. पाल्क जलडमरूमध्य - मन्नार की खाड़ी - पाल्क खाड़ी
C. पाल्क जलडमरूमध्य - पाल्क खाड़ी - मन्नार की खाड़ी
D. पाल्क खाड़ी - पाल्क जलडमरूमध्य - मन्नार की खाड़ी

76.जलियाँवालाबाग हत्याकांड के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1) जलियाँवालाबाग में सेना ने निहत्थी भीड़ पर गोली चलाई

2) सेना जनरल डायर के कमान के अधीन थी

3) गोली चलने से पहले सेना ने लोगों को किसी तरह की चेतावनी नहीं दी थी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 2 और 3

77.ईश्वरचंद्र विद्यासागर के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?

1) विद्यासागर के लेखन ने बंगाली भाषा के विकास में उल्लेखनीय मदद की

2) उन्हें कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज से 'विद्यासागर' की उपाधि मिली

3) स्त्रियों की शिक्षा के प्रसार को लेकर उनमें बहुत उत्साह था

4) धर्मग्रन्थ सम्मत समर्थन के बारे में विशवस्त हुए बिना विद्यासागर ने विधवा विवाह का समर्थन किया

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

A. 2 और 4
B. 1 और 2
C. केवल 4
D. 3

78.भगत सिंह के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?

1) भगत सिंह समाजवादी विचारों से प्रभावित थे

2) वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे

3) अधिक से अधिक लोगों को मारने के उद्देश्य से भगत सिंह ने 1929 में केंद्रीय विधानसभा में बम फेंका

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

A. 1 और 3
B. 2 और 3
C. केवल 2
D. केवल 3

79.निम्नलिखित में से कौन, काकोरी षड्यंत्र केस (मुकदमा) से सम्बंधित नहीं था ?

A. रामप्रसाद बिस्मिल
B. राजेंद्र लाहिड़ी
C. अशफाक अल्लाह खां
D. सूर्य सेन

80.किसी क्रेडिट कार्ड ऋण जहां 24% ब्याज प्रति वर्ष हो, पर वास्तविक ब्याज दर क्या होगी, यदि मुद्रास्फीति की दर 10% है ?

A. 240%
B. 34%
C. 14%

D. 4%

81.मांग की कीमत लोच शून्य होने (जीरो प्राइस इलास्टिसिटी ऑफ डिमांड) का तात्पर्य है

A. कीमत में जो कुछ भी परिवर्तन हो, मांग में बिलकुल परिवर्तन नहीं होता
B. कीमत में एक छोटे परिवर्तन पर, मांग में एक छोटा परिवर्तन होता है
C. कीमत में एक छोटे परिवर्तन पर, मांग में एक विशाल परिवर्तन होता है
D. कीमत में एक बड़े परिवर्तन पर, मांग में एक छोटा परिवर्तन होता है

82.निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

A. एक पूर्णतया प्रतियोगी फर्म के औसत सम्प्राप्ति और सीमांत सम्प्राप्ति वक्र पूर्णत:लोचदार होते हैं
B. किसी एकाधिकार फर्म का सीमांत सम्प्राप्ति वक्र उसकी औसत सम्प्राप्ति वक्र से ऊपर होता है
C. अंततोगत्वा एक प्रतियोगी फर्म सामान्य लाभ ही कमाती है
D. साम्यावस्था में, एकाधिकार फर्म का सीमांत लागत वक्र आरोही, अवरोही अथवा स्थिर (अचर) हो सकता है

83.ह्रासमान प्रतिलाभ के नियम के अनुसार, किसी उत्पादन फलन में जब अधिकाधिक रूप से परिवर्ती कारक की इकाइयां प्रयुक्त की जाती हैं, जब कि एक नियत कारक की मात्राओं को स्थिर रखा गया हो, तो एक ऐसा बिंदु आता है जिस के परे

A. सीमांत सम्प्राप्ति कम हो जाएगी
B. औसत सम्प्राप्ति कम हो जाएगी
C. सीमांत उत्पाद कम हो जाएगा
D. सीमांत उत्पाद बढ़ जाएगा

84.सूची और अन्तर्वस्तुओं के निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

I राज्य सूची : लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता

II संघ सूची : नागरिकता, देशीयकरण और अन्यदेशीय

III समवर्ती सूची : विधिक, चिकित्सीय और अन्य व्यवसाय

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

A. केवल 1
B. 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

85.संसद और राज्य विधान-मंडलो के सदस्यों की निरर्हता के संबंध में भारत के संविधान की 10 वीं अनुसूची से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

A. अनुसूची अधिकथित करती है कि निर्वाचित सदस्य दल-बदल के आधार पर निरर्हित किये जा सकते हैं
B. दल-बदल के आधार पर निरर्हिता दूसरे राजनीतिक दल में विलय के मामलों में लागू नहीं होती है
C. विवाद के मामले सम्बन्धित सदन के सभापति या स्पीकर द्वारा विनिश्चय किये जाते हैं
D. जो मामले अनसुलझे रहते हैं, उन में भारत का उच्चतम न्यायालय अन्तिम विवाचक होता है

86.विधान-मंडल में पूछे गये अल्प सूचना प्रश्नों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I ये अत्यावश्यक सार्वजनिक महत्व के मामलों से सम्बन्धित होते हैं और 10 दिनों से कम के नोटिस पर मौखिक उत्तर के लिए पूछे जा सकते हैं

II अल्प सूचना प्रश्न स्वीकार्य किये जा सकते हैं यदि सम्बन्धित मंत्री उनका उत्तर देने के लिए सहमत हो

III अल्प सूचना प्रश्न प्रश्नकाल के दौरान पूछे जाते हैं

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं ?

A. केवल 1
B. 1, 2 और 3 केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

87.भारत के महान्यायवादी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

A. महान्यायवादी को संसद के सदनों में बोलने का अधिकार होगा
B. महान्यायवादी को अपने कार्यालयीन कर्तव्यों के पालन में भारत के राज्यक्षेत्र में सभी न्यायालयों में सुनवाई का अधिकार होगा
C. उस में वही अर्हताए होनी चाहियें जो उच्चतम न्यायालय का एक न्यायाधीश बनने के लिए आवश्यक होती हैं
D. वह सरकार के लिए एक पूर्णकालिक परामर्शदाता (काउंसेल) है

88.सोडा-अम्ल अग्निशामक में होता है

A. सल्फ्यूरिक अम्ल और सोडियमहाइड्रोजन कार्बोनेट का विलयन
B. नाइट्रिक अम्ल और सोडियमहाइड्रोजन कार्बोनेट का विलयन
C. सल्फ्यूरिक अम्ल और सोडियम कार्बोनेट का विलयन
D. सल्फ्यूरिक अम्ल और पोटैशियम कार्बोनेट का विलयन

89.निम्नलिखित में से किस में COOH समूह नहीं होता है ?

A. सिट्रिक अम्ल
B. लैक्टिक अम्ल
C. टार्टरिक अम्ल
D. ऐस्कॉर्बिक अम्ल

90.अल्युमिनियम, लोह, ताम्र और जस्ता किससे निष्कर्षित किये जाते हैं ?

A. क्रमशः बाक्साइट, मैग्रेटाइट, मैलाकाइट और कैलेमाइन से
B. क्रमशः मैग्रेटाइट, बाक्साइट, मैलाकाइट और कैलेमाइन से
C. क्रमशः कैलेमाइन, मैलाकाइट, मैग्रेटाइट, और बाक्साइट से
D. क्रमशः मैलाकाइट, मैग्रेटाइट, बाक्साइट और कैलेमाइन से

91.किसी गैस के द्रवण (द्रव बनने) के लिए सर्वाधिक अनुकूल अवस्था, निम्नलिखित में से कौन सी है ?

A. निम्न दाब और उच्च तापमान
B. निम्न दाब और निम्न तापमान
C. उच्च दाब और उच्च तापमान
D. उच्च दाब और निम्न तापमान

92.निम्नलिखित में से कौन सा एक, टिंडल प्रभाव को प्रदर्शित नहीं करेगा ?

A. जल के साथ ताजा मिश्रित किया हुआ चॉक पावडर
B. नींबू का रस
C. जल के साथ मिश्रित दूध की कुछ बूंदें
D. मंड (स्टार्च) विलयन

93.निम्नलिखित में से किसे वुड स्पिरिट (काष्ठ स्पिरिट) के रूप में जाना जाता है ?

A. मेथेनॉल
B. एथेनॉल
C. फॉर्मेल्डिहाइट
D. एसिटेल्डिहाइट

94.मान लीजिये कि किसी वस्तु की कीमत 90 रूपये से बढ़कर 110 रूपये हो जाती है और मांग वक्र यह दर्शाता है कि मांगी गयी मात्रा में संगत ह्रास 240 इकाई से 160 इकाई है | तब, मांग की कीमत लोच का गुणांक होगा

A. 1.0
B. 2.4
C. 0.5
D. 2.0

95.पराग उत्पन्न होता है

A. दलपुंज में
B. वर्तिका में

C. वर्तिकार्ग में
D. परागकोश में

96.पादप कोशिकाओं में, स्फीति और कठोरता किस के द्वारा प्रदान की जाती है ?

A. राइबोसोम
B. माइटोकॉन्ड्रिया
C. गोल्जी उपकरण
D. कोशिका रस से भरी धानी

97.पादपों में, तने और जड़ों की लम्बाई में वृद्धि होने का कारण है

A. पाशर्व विभज्योतक
B. अंतर्वेशी विभज्योतक
C. शिर्षस्थ विभज्योतक
D. द्वितीयक वृद्धि

98.खुरदरी अंतर्द्रव्यी जालिका (RER) को एक सुक्ष्मदर्शी से देखने पर यह खुरदरी दिखाई देती है। इसकी सतह पर निम्नलिखित में किस कोशिकांग के जुड़े होने से ऐसा दिखाई देता है ?

A. तारक केंद्र
B. लवक
C. लाइसोसोम
D. राइबोसोम

99.यदि किसी कोशिका के चारों ओर उपस्थित माध्यम की सांद्रता कोशिका से अपेक्षाकृत अधिक है, तब निम्नलिखित में से कौन सी एक घटना होगी ?

A. कोशिका जल ग्रहण करेगी
B. कोशिका की मृत्यु हो जाएगी
C. कोई परिवर्तन नहीं होगा
D. कोशिका जल को खो देगी

100.निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

A. जीवाणुओं में कोशिकाद्रव्य होता है परन्तु विषाणुओं में नहीं होता
B. जीवाणुओं में माइटोकॉन्ड्रिया होता है परन्तु विषाणुओं में नहीं होता
C. विषाणुओं में माइटोक्रांड्रिया होता है परन्तु जीवाणुओं में नहीं होता
D. विषाणुओं में एक कोशिका झिल्ली होती है परन्तु जीवाणुओं में नहीं होती

101.'जलवायु आपात' की घोषणा करने वाला पहला देश निम्नलिखित में से कौन सा था ?

A. स्वीडन
B. न्युजीलैंड
C. UK
D. आयरलैंड

102.भारतीय वायु सेना ने हाल ही में AH-64E(I)- ऐपाशा गार्डीअन हेलिकाप्टर प्राप्त किया है | यह हेलिकाप्टर कहाँ निर्मित हुआ है ?

A. भारत
B. रूस
C. फ्रांस
D. USA

103.भारतीय नौसेना के निम्नलिखित में से किस एक अग्रपंक्ति ध्वंसक पोत को मई 2019 में सेवा मुक्त (डिकमीशंड) किया गया ?

A. INS राणा
B. INS रणजीत
C. INS राजपूत
D. INS सिंधुरक्षक

104.राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) वर्ष 2024 तक भारत के कम से कम 102 शहरों में कणिकीय पदार्थ (पर्टिक्युलेट मैटर) को 20% से 30% तक कम करने का लक्ष्य रखता है | सांद्रण की तुलना के लिए आधार वर्ष क्या है ?

A. 2015
B. 2016
C. 2017
D. 2018

105.स्वदेशी रूप से निर्मित ट्रेन 18 को भारतीय रेल द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा एक नाम दिया गया है ?

A. हमसफ़र एक्सप्रेस
B. वंदे भारत एक्सप्रेस
C. अनन्या एक्सप्रेस
D. गतिमान एक्सप्रेस

106.सूचि I को सूचि II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

List I

(सिक्किम की सीमा)



List II

(नक़्शे में स्थिति)

(I) नेपाल

(II) भूटान

(III) चीन

(IV) पश्चिम बंगाल

कूट :

A. a-3 b-2 c-1 d-4
B. a-4 b-1 c-2 d-3
C. a-4 b-2 c-1 d-3
D. a-3 b-1 c-2 d-4

107.सातवाहनों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1.सातवाहन शासक मातृनामों से पहचाने जाते थे

2. सातवाहनों का सिंहासन का उत्तराधिकार सामान्यत: पितृवंशीय था

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

108.महात्मा गाँधी के सत्याग्रह के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1.दक्षिण अफ्रीका में नस्लवाद के खिलाफ चलाए गए अपने अभियान के दौरान ही गाँधीजी ने सर्वप्रथम सत्याग्रह का प्रयोग किया था

2. सत्याग्रह के दो महत्वपूर्ण संघटक हैं 'सत्य' और 'अहिंसा'

3. सत्याग्रही बुराई का प्रतिरोध स्वयं को कष्ट पहुँचाकर

4. भारत में, सत्यग्रह का सर्वप्रथम प्रयोग गाँधीजी ने चंपारण में किया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2
C. केवल 4
D. 1,2, 3 और 4

109.निम्नलिखित में से कौन से कथन 19 वीं शताब्दी के अंत में अस्तित्व में आए आर्य समाज के विषय में सही हैं ?

1.व्यापारिक जातियों के बीच इसका बहुत मजबूत आधार था

2. इसने 'शुद्धि' अथवा सामूहिक शुद्धिकरण की शुरुआत की

3. आर्य समाज में मध्यमार्गियों का नेतृत्व हंसराज और लाजपत राय ने किया और उन्होंने दयानंद एंग्लो-वैदिक महाविद्यालयों की एक श्रृंखला स्थापित की

4. ब्रहा समाज की तुलना में आर्य समाज के सदस्य कम थे

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. 1, 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 3 और 4

110.निम्नलिखित आकृति पर विचार कीजिए:



नीचे दी गयी संख्याओं में से लुप्त संख्या का पता लगाइए:

A. 12
B. 16
C. 32
D. 48

111.निम्नलिखित श्रेणी पर विचार कीजिए:

1, 9, 17, 33, 49, 73,....

निम्नलिखित में से लुप्त संख्या को पहचानिए:

A. 99
B. 97
C. 95
D. 91

112.यदि 2[3]4 =14 और 3 [4]6=60 है, तो 4[5]7=?

A. 72
B. 84
C. 96
D. 108

113.सूचि I को सूचि II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

List I — List II

(नदी) — (नक़्शे में स्थिति)



(I) पेत्रार
(II) वैगई
(III) कावेरी
(IV) कृष्णा

कूट :

A. a-2 b-4 c-3 d-1
B. a-1 b-3 c-4 d-2
C. a-2 b-3 c-4 d-1
D. a-1 b-4 c-3 d-2

114.सूचि I को सूचि II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

List I	List II
(भू-आकृति)	(कारक)
(I) लोएस	1.वायु निक्षेपित
(II) टोमबोलो	2. हिमनद निक्षेपित
((III)पॉइन्ट बार	3.नदी निक्षेपित
(विसर्पी रोधिका)	
(IV) मोरेन (हिमोढ़)	4. समुद्र निक्षेपित

कूट :

A. A-1 b-2 c-3 d-4
B. A-1 b-3 c-4 d-2
C. A-2 b-3 c-4 d-1
D. A-2 b-4 c-3 d-1

115.निम्नलिखित में से कौन सा, भीतरी (आंतरिक) ग्रहों को प्रस्तुत करता है ?

A. सूर्य और पृथ्वी के बीच के ग्रह
B. सूर्य और क्षुदग्रहों (ऐस्टर सदृश) की मेखला के बीच के ग्रह
C. पृथ्वी के निकट के ग्रह
D. सूर्य के चारों ओर के ग्रह

116.संगठनों और उनके संस्थापकों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

A. नेशनल लिबरेशन : तेज बहादुर सप्रू और

फेडरेशन एम.आर. जयकर

B. जमायत-उल : मौलाना महमूदल

उलामा-ए-हिंद हसन शेख उल हिंद

C. कांग्रेस डेमोक्रेटिक: बी.जी. तिलक पार्टी
D. कांग्रेस सोशलिष्ट: एम.एन.रॉय पार्टी

117.निम्नलिखित में से किन्हें 1924 में कानपुर बोलशेविक षडयंत्र मामले में जेल हुई थी ?

A. मुजफ्फर अहमद, एस.ए.डांगे, शौकत उस्मानी, नलिनी गुप्ता
B. मुहम्मद अली और शौकत उस्मानी
C. एस.ए.डांगे, और एस.वी.घाटे
D. मुजफ्फर अहमद और एस.एस.मिराजकर

118.सूफी कृति कश्फ-अल-महजूब का लेखक कौन था ?

A. अबुल हसन अल हुजविरी
B. मोइनुद्दीन चिश्ती
C. शेख निजामुद्दीन औलिया
D. अमीर खुसरो

119.निम्नलिखित में से किस संगीतज्ञ ने राजा मान सिंह तोमर और गुजरात के बहादुरशाह के राजदरबार में सेवा दी ?

A. बैजू बावरा
B. तानसेन
C. लाल कलावंत
D. रंग खाँ कलावंत

120.वित्त आयोग के एक सदस्य के रूप में नियुक्त किये जाने के लिए किसी व्यक्ति हेतु आवश्यक अपेक्षाएं निम्नलिखित में से कौन सी हैं ?

1. उच्चतम न्यायालय का कोई न्यायाधीश अथवा उसी रूप में नियुक्त किये जाने के लिए अर्हित कोई व्यक्ति

2. एक व्यक्ति जिसे वित्तीय मामलों और प्रशासन में व्यापक अनुभव हो

3. एक व्यक्ति जिसे अर्थशास्त्र का विशिष्ट ज्ञान हो

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

121.यदि 5472=9, 6342=6 और 7584=6 है, तब 9236 क्या है ?

A. 2
B. 3
C. 4
D. 5

122.जब दो अंकों वाली किसी संख्या के अंकों को आपस में बदल दिया जाता है तो संख्या का मान 27 बढ़ जाता है | ऐसी दो अंकों वाली संख्याओं का योग है

A. 235
B. 249
C. 213
D. 180

123.वह न्यूनतम पूर्णांक, जिसे 2940 से गुना करने पर एक पूर्ण वर्ग बन जाये, क्या है ?

A. 10
B. 15
C. 20
D. 35

124.श्रेणी BCYX ,EFVU, HISR, KLPO,..... का अगला पद क्या होगा ?

A. NOML
B. NOLM
C. ONML
D. ONLM

125.एक वस्तु को 2700 रूपये में बेचने पर एक व्यक्ति को 10% की हानि होती है | यदि वह उस वस्तु को 3600 रूपये में बेचे, तो उसका लाभ कितने प्रतिशत होगा ?

A. 15
B. 18
C. 20
D. 25